# ट्रेनों में स्वदेशी 'कवच' तकनीक से हादसों पर लगेगा ब्रेक, 614 रूट किलोमीटर लंबी है यह परियोजना

बिलासपुर | आरएनएस



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर-झारसुगुड़ा रेलखंड पर स्वदेशी कवच सुरक्षा तकनीक लागू करने की तैयारी है। 614 रूट किलोमीटर लंबी इस परियोजना के लिए 292 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

इस परियोजना से यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों की सुरक्षा को एक नई ऊंचाई मिलेगी।

यह पूरी तरह से एक स्वदेशी तकनीक होगी। भारतीय रेलवे संरक्षा और कुशलता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। इसके लिए निविदा आमंत्रित किया गया है, जिसे 25 नवंबर को खोला जाएगा।

**क्या है कवच तकनीक**

कवच भारतीय रेलवे की स्वदेशी और उन्नत आटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है। यह तकनीक ट्रेनों के संचालन को हर पल मानिटर करती है और सिग्नल व स्पीड से संबंधित दुर्घटनाओं को रोकने में सक्षम है। इसके जरिए दो ट्रेनों के बीच आमने-सामने की टक्कर को रोका जा सकता है।

इस प्रणाली में रेडियो फ्रिक्वेंसी टैग और वायरलेस कम्युनिकेशन का उपयोग कर ट्रेन के इंजन, ट्रैक, सिग्नल और स्टेशन को आपस में इंटरलाक किया जाता है। लोको यूनिट में स्थित डिवाइस ट्रेन को सही गति और सुरक्षित संचालन के निर्देश देती है। इस आटोमैटिक तकनीक के जरिए अब दो ट्रेनों के बीच आमने-सामने की टक्कर से बचाव सुनिश्चित होगी।

**सिकंदराबाद में सफल परीक्षण**

रेलवे के मुताबिक मार्च 2022 में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में कवच तकनीक का सफल परीक्षण किया। इससे यह साबित हुआ कि यह तकनीक संरक्षा को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह सक्षम है।

कवच तकनीक का उद्देश्य भारतीय रेलवे को सुरक्षा और दक्षता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। नागपुर-झारसुगुड़ा खंड पर इसका लागू होना न केवल संरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय रेलवे की आधुनिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**यह होंगे प्रमुख लाभ**

ट्रेन संचालन की पूर्ण सुरक्षा।

सिग्नल व स्पीड से संबंधित दुर्घटनाओं पर रोक।

यात्रियों और कर्मचारियों की संरक्षा में सुधार।

स्वदेशी तकनीक के जरिए रेलवे को आत्मनिर्भर बनाना।

अगले एक पखवाड़े तक रेल का सफर होगा कष्टप्रद,अंबिकापुर जबलपुर, इंदौर बिलासपुर सहित कई ट्रेनों की आवाजाही रहेगी प्रभावित

दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे अंतर्गत बिलासपुर कटनी रेल खंड में अगले एक पखवाड़े तक कई ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रहने से यात्रियों को मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। इस रेल खंड में अधोसंरचना विकास कार्य के चलते अगले एक पखवाड़े तक कई ट्रेनें स्थगित रहेगी।

पहले चरण में अनूपपुर कटनी के बीच करकेली स्टेशन में तीसरी लाइन को जोडऩे का कार्य आरंभ होगा। इसके कारण 16 से 20 नवंबर तक अंबिकापुर जबलपुर, जबलपुर-अंबिकापुर सहित चिरमिरी से संचालित होने वाली अधिकांश ट्रेन का संचालन स्थगित रहेगा। जानकारी के अनुसार जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस 16 से 19 नवंबर और अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस 17 से 20 नवंबर तक रद रहेगी।

दिन बाद फिर से कई ट्रेन रहेंगी प्रभावित-दूसरे चरण में बिलासपुर कटनी रेल खंड अंतर्गत नौरोजाबाद स्टेशन को तीसरी लाइन से जोडऩे व यार्ड रिमाडलिंग कार्य के कारण 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक कई ट्रेनें स्थगित रहेंगी। इसका प्रभाव अंबिकापुर, चिरमिरी-कटनी लाइन पर भी रहेगा। इस रेल खंड में संचालित ट्रेनों का आवागमन प्रभावित रहेगा।

**यात्री सुविधा बढ़ाने हो रहा काम-** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनुसार बिलासपुर-कटनी रेल लाइन में परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाडियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है ताकि यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ यात्री ट्रेनों की समय बद्धता में भी वृद्धि हो।

इसी कड़ी में बिलासपुर से कटनी के बीच तीसरी लाइन का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बिलासपुर-कटनी सेक्शन के नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोडऩे के लिए यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 24 से 30 नवंबर तक किया जाएगा।

**प्रभावित होने वाली ट्रेनें**

22 से 30 नवंबर तक बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस।

23 नवंबर से एक दिसंबर तक इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस।

23 से 30 नवंबर तक जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस।

24 नवंबर से एक दिसंबर तक अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस।

24 नवंबर से एक दिसंबर तक अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस।

25, 27 एवं 29 नवंबर रीवा-चिरमिरी पैसेंजर।

26, 28 एवं 30 नवंबर चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल।

24 से 30 नवंबर तक चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल।

24 से 30 नवंबर चंदिया रोड-चिरमिरी- पैसेंजर स्पेशल।

26, 28 एवं 30 नवंबर को चिरमिरी-अनुपपुर पैसेंजर।

26, 28 एवं 30 नवंबर अनुपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल।

23 से 30 नवंबर तक कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल।

24 नवंबर से एक दिसंबर तक चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शासकीय सेवकों पर आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा में वृद्धि को वित्त विभाग से मंजूरी

**रायपुर (आरएनएस)।** वित्त विभाग ने शासकीय सेवकों पर आश्रितों की अधिकतम आय सीमा में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा 3 हजार 50 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 7 हजार 750 रुपये प्रतिमाह करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि साल 2014 के बाद से शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा में कोई वृद्धि नहीं की गई थी, जबकि राज्य में श्रमिकों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। अद्र्ध कुशल श्रमिकों के लिए दैनिक मजदूरी की दर अब 10,900 रुपये प्रति माह तक पहुंच गई है। ऐसे में शासकीय सेवकों के आश्रित सदस्य 3 हजार 50 रुपये प्रतिमाह से अधिक आय प्राप्त कर रहे थे, उन्हें परिवार पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब, आय सीमा बढ़ाने के साथ जिन आश्रितों की आय 3,050 रुपये से अधिक थी, वे सभी परिवार पेंशन का लाभ प्राप्त करने के पात्र हो सकेंगे। इस कदम से शासकीय सेवकों के आश्रितों की स्थिति सुधरेगी और आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। इससे उन परिवारों को राहत मिलेगी, जो शासकीय सेवक के निधन के बाद परिवार पेंशन पर निर्भर रहते हैं। आय सीमा में इस वृद्धि से उन्हें भी अब परिवार पेंशन का लाभ मिलेगा।

### मुठभेड़ में घायल जवान रायपुर लाए गए : बोले- दो दर्जन के आसपास नक्सली मौजूद थे, कई मारे गए

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिलों की महाराष्ट्र सीमा से लगते अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ चल रही है। इस मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज नारायण हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। जवान ने बताया कि, 23 से अधिक नक्सली घटना के दौरान मौजूद थे। 5 नक्सलियों की मृत्यु के साथ कई घायल नक्सली फरार हुए हैं। सुबह से जारी है मुठभेड़ उल्लेखनीय है कि, कांकेर और नारायणपुर जिलों की महाराष्ट्र सीमा से लगते अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ चल रही है।शनिवार की सुबह से जारी है। महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज के साथ कांकेर – नारायणपुर जिले की पुलिस का इसे अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन बताया जा रहा है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। पुलिस ने अब तक 5 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं, फिलहाल रुक-रुक कर दोनो ओर से फायरिंग जारी है। वहीं 2 जवानों के घायल होने की भी खबर है। खिलेश्वर गावड़े और हीरामन यादव को इलाज के लिए रायपुर लाया गया है।

### तापमान में गिरावट, ठिठुरन बढ़ी

**रायपुर (आरएनएस)।** देशभर में मौसम ने करवट बदल ली है। लगभग सभी हिस्सों में हल्की ठंड तो कहीं कड़ाके की ठंड शुरू हो चुकी है। लोग अपने आप को ठंड़ी हवाओं से बचाने के लिए अलाव का सहारा लेने लगे हैं। ऐसे में बात करें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की तो बादल साफ होते ही प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी होते दिख रही है। बात करें छत्तीसगढ़ की तो रायपुर समेत सभी जिलों में दिन और रात के पारा में गिरावट होने से ठिठुरन बढ़ रही है। दरअसल, द्रोणिका के प्रभाव के कारण हवा में नमी की मात्रा घट रही है, जिसके बाद तापमान में? गिरावट हो रही है।

## चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन से 30 लाख से अधिक नकदी बरामद

कवर्धा-रायपुर | आरएनएस



जिले में संदिग्ध गतिविधियों और अवैध लेन-देन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है। इस क्रम में आज थाना चिल्फी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की। थाना चिल्फी पुलिस ने एक संदिग्ध वाहन से ?30,17,500 नकदी बरामद की। थाना चिल्फी पुलिस द्वारा मारुति ईको कार क्रमांक आरजे 20 सीजे 0793 को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर नकदी बरामद की गई।

**वाहन में सवार व्यक्तियों की पहचान इस प्रकार हुई:**

1. जाफीर हुसैन पिता जाकिर हुसैन, उम्र 36 वर्ष, निवासी मकान नंबर 144, इंदिरा कॉलोनी, बपावर कला, कोटा, राजस्थान।

2. मोहम्मद अशफाक पिता मोहम्मद हनीफ, उम्र 36 वर्ष, निवासी मकान नंबर 144, इंदिरा कॉलोनी, बपावर कला, कोटा, राजस्थान।

तलाशी के दौरान वाहन में रखे बैग और झोले से कुल ?30,17,500 की नकदी बरामद हुई। नकदी का विवरण इस प्रकार है:

- 500 के कुल 5973 नोट
- 200 के कुल 55 नोट
- 100 के कुल 200 नोट

दोनों व्यक्तियों से नकदी के स्रोत और उपयोग के संबंध में पूछताछ की गई, लेकिन वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। प्रारंभिक जांच में यह संदेह है कि नकदी अवैध गतिविधियों से संबंधित हो सकती है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## छत्तीसगढ़ में महंगाई ने तोड़े सारे रिकार्डस्, बना सबसे महंगा राज्य

रायपुर | आरएनएस



छत्तीसगढ़ में महंगाई की मार झेल रहे लोगों को राहत नहीं मिल रही है। नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस (हस्ह) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में राज्य में महंगाई की दर 8.8 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो देशभर में सबसे अधिक है।

यह आंकड़ा ऐसे समय में आया है जब बीजेपी सरकार को सत्ता में एक साल पूरा होने वाला है।

### महंगाई के मामले में टॉप पर छत्तीसगढ़

जानकारी के अनुसार, महंगाई दर के मामले में छत्तीसगढ़ पहले स्थान पर है, जिसके बाद बिहार 7.8 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं ओडिशा में महंगाई की दर 7.5 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश 7.4 प्रतिशत और मध्य प्रदेश 7 प्रतिशत है, जिसके चलते ये देश के टॉप 5 महंगे राज्य की लिस्ट में शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली 4 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल 4.6 प्रतिशत और महाराष्ट्र 5.4 प्रतिशत जैसे राज्यों में महंगाई दर इन राज्यों की तुलना में कम दर्ज की गई।

### रिटेल बाज़ार में बढ़ी महंगाई

देशभर में रिटेल बाज़ार भी बढ़ी है, जो अक्टूबर में 6.2 प्रतिशत रही। बता दें यह पिछले 14 महीनों का सबसे ज्यादा रहा है। सितंबर में यह दर 5.49 प्रतिशत और अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी।इस बीच एक्सपट्र्स का कहना है कि सब्जियों, अनाज, तेल और फलों की कीमतों में बढ़ोतरी इसका मुख्य कारण है। इस बढ़ती महंगाई के चलते फिलहाल आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना बेहद कम है।

### विपक्ष ने सरकार को घेरा

महंगाई के आंकड़ों के बाद विपक्ष को सरकार पर निशाना साधने का एक और मुद्दा मिल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर तंज़ कस्ते हुए कहा कहा, जनता ने मांगा गारंटी का जवाब, तो परोस दी शराब। कथित सुशासन का जिक्र करते हुए ऐप डाउनलोड करने की सलाह दे दी। कांग्रेस ने इशारा दिया है कि वह महंगाई के इस मुद्दे पर जनता के बीच जाकर बीजेपी सरकार को घेरने की तैयारी कर रही है।

### राजनीतिक माहौल गरमाया

महंगाई के इस मुद्दे ने छत्तीसगढ़ में राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया है। बीजेपी सरकार जहां खुद को जनता के हितैषी के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही है, वहीं विपक्ष इसे सरकार की नाकामी बता रहा है। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में महंगाई का यह मुद्दा राजनीतिक समीकरणों को कितना प्रभावित करता है।

## मारपीट में शामिल दो आरोपियों को हत्या के प्रयास के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा गया जेल, मारपीट मामले में जूटमिल में पुलिस की सख्त कार्यवाई

रायगढ़



जूटमिल थाना क्षेत्र के बजरंगपारा में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर मोहल्ले के युवकों द्वारा जानलेवा हमले की घटना सामने आई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देशन जूटमिल पुलिस त्वरित कार्रवाई की और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, दो अन्य की तलाश जारी है। जेल भेजे गए दोनों आरोपी आदतन बदमाश हैं।

घटना गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे की है, जब धर्मेंद्र उपाध्याय (38), जो पटेलपाली पेट्रोल पंप में सेल्समैन हैं, अपने घर के सामने मोहल्ले के तीन युवकों—विकास चौहान, अजय मेहर और उनके साथी—को गाली-गलौज करते देख टोका। आरोपियों ने उन्हें मना करने पर मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से चाकूनुमा हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में धर्मेंद्र को पेट और कमर पर गंभीर चोटें आईं।

मामले की सूचना मिलते ही एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई की। पुलिस ने विकास चौहान उर्फ विक्कू (26) और अजय मेहर (23) को हिरासत में लिया और घटना में प्रयुक्त हथियार—लोहे की खुरपी और तलवार—बरामद की। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस की पूछताछ में दो अन्य आरोपियों की पहचान भी हुई है, जो फिलहाल फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपी विकास चौहान अजय मेहर पर पहले भी मारपीट, लूटपाट और आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है, आरोपीगण बदमाश प्रवृत्ति के हैं।

**टीम की सक्रिय भूमिका**

इस कार्रवाई में निरीक्षक मोहन भारद्वाज, एएसआई नरेंद्र सिदार, आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ, शशिभूषण साहू, परमानंद पटेल और सुशील यादव ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। जूटमिल पुलिस की तत्परता ने न केवल आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है, बल्कि इलाके में कानून और व्यवस्था बनाए रखने का भरोसा भी मजबूत किया है।

## तीन नर कंकाल मामले में बड़ा एक्शन : एसपी ने कुसमी थानेदार को किया लाइन हाजिर, लापरवाही के लगे आरोप

बलरामपुर | आरएनएस



छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में मिले तीन नर कांकालों के मामले में बड़ा फैसला लिया गया है। एसपी ने गुमशुदगी मामले में लापरवाही बरतने को लेकर कुसमी थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल को लाइन अटैच कर दिया है।

मालूम हो कि, जांच के दौरान यह पुष्टि हो चुकी है कि, ये नर कंकाल एक ही परिवार के तीन सदस्यों मां, बेटे और बेटी के हैं। मृतकों की पहचान कुसमी थाना क्षेत्र निवासी कौशल्या ठाकुर (35), मुस्कान ठाकुर (17), और मिंटू ठाकुर (7) के रूप में हुई है। सितंबर माह में कौशल्या ठाकुर और उनके दोनों बच्चों के लापता होने की सूचना दी गई थी। परिजनों ने घटनास्थल पर मिले कपड़ों और अन्य सामानों के आधार पर इन कंकालों की शिनाख्त की।

**घटना की जांच जारी**

पुलिस ने कंकालों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। घटना के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है। हत्या की इस वारदात ने कई सवाल खड़े किए हैं, और पुलिस मामले को सुलझाने के लिए साक्ष्य जुटाने में जुटी हुई है।

**पुलिस पर लापरवाही के आरोप**

घटना से स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है। परिवार के तीन सदस्यों की बेरहमी से हत्या से क्षेत्र में शोक और आक्रोश है। पुलिस पर लापरवाही के आरोपों ने स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है, और पुलिस जल्द ही मामले से जुड़े सभी दोषियों को गिरफ्तार करने

## बिलासपुर-कटनी रूट पर 2 दिसंबर तक 49 ट्रेनें रद्द : तीसरी लाइन पर चल रहा काम, अलग-अलग तिथियों में रद्द रहेंगी यात्री ट्रेनें

रायपुर | आरएनएस



मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में ट्रेन से सफर करने वाले मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के लाखों यात्रियों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों को झटका देते हुए 17 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। दरअसल, बिलासपुर रेल मंडल के बिलासपुर-कटनी के बीच तीसरी लाइन का काम चल रहा है। यही वजह है कि रेलवे ने इस मंडल की करीब 49 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। एक साथ इतनी गाडिय़ों की रद्द होने से यात्रियों को अब वैकल्पिक आवागमन के साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कई परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। बिलासपुर-कटनी रेल लाइन इस रेलवे की एक महत्वपूर्ण और व्यस्त रेल मार्ग है, जो उत्तर भारत से जोड़ती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेल परिचालन को बेहतर बनाने और नई गाडिय़ां शुरू करने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए नई लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यही वजह है कि ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। मध्यप्रदेश और यूपी के लिए चलने वाली 24 ट्रेनें 21 नवंबर से 2 दिसंबर तक अलग-अलग दिनों में कैंसिल की गई हैं। इससे पहले भी 16 से 20 नवंबर तक 25 ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। इनमें 16 एक्सप्रेस और 9 लोकल ट्रेनें शामिल हैं। इसका मतलब, 16 से 20 नवंबर और फिर 21 नवंबर से 2 दिसंबर तक कुल 49 ट्रेनें रद्द रहेंगी। 21 नवंबर से रद्द रहने वाली ट्रेनों की वजह बिलासपुर मंडल के कटनी रेल लाइन में नरौजाबाद स्टेशन में काम को बताया गया है। यहां तीसरी लाइन जोडऩे का काम होगा।

**ये गाडिय़ा रहेगी रद्द**

16 नवंबर से 19 नवंबर 2024 तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

17 नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी

15 नवंबर से 19 नवंबर 2024 तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

16 नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

18 नवंबर को रीवा से चलने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सेवाएं बंद रहेंगी।

19 नवंबर को चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

17 नवंबर को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

18 नवंबर को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

14 नवंबर को दुर्ग से चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

16 नवंबर को नौतनवा से चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

19 नवंबर को चिरमिरी से चलने वाली 05755 चिरमिरी-अनुनपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

19 नवंबर को अनुनपुर से चलने वाली 05756 अनुनपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 1

7 नवंबर से 19 नवंबर 2024 तक चिरमिरी से चलने वाली 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

17 नवंबर से 19 नवंबर 2024 तक चंदिया रोड से चलने वाली 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

16 नवंबर से 19 नवंबर 2024 तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

17 नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480